गुजरात में वापी नदी पर उपरिपुल का निर्माण

4296. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में वापी नदी पर उपरिपुल के निर्माण हेतु अनुमानित व्यय स्वीकृत हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस समय व्यय के लिए स्वीकृति कब प्रदान हो गई थी ; और

(ग) इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) और (ख) अनुमान दिसंबर, 1992 में स्वीकृत किया गया था ।

(ग) राज्य सरकार द्वारा पहुंच मार्गों पर कार्य शुरू कर दिए जाने के बाद ही रेलवे द्वारा पुल खास के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा ।

गोधरा-दोहाद-इन्दौर-देवास-नक्सी रेल लाइन

4297. **श्री लक्खी राम अग्रवाल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गोधरा-दोहाद इन्दौर-देवास नक्सी रेल लाइन को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है, यदि हां, तो उसकी अनुमानित लागत कितनी है और इस वर्ष के बजट में इस कार्य के लिये कितना प्रावधान किया गया है तथा इसके निर्माण कार्य में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) उक्त रेल लाइन का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या सरकार क्षेत्रीय मांग को ध्यान में रखते हुए इन्दौर-महू-पीथमपुर रेल मार्ग को बड़ी लाइन में परिवर्तित किए जाने संबंधी कार्य की प्राथमिकता देने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी हां , इसकी अनुमानित लागत 297.14 करोड रुपए है, मार्च, 1993 के अंत तक 14.45 करोड रुपए के परिव्यय की संभावना है, 1993-94 के बजट में एक करोड रुपए के परिव्यय की व्यवस्था की गई है । दिसम्बर, 1992 तक हुई प्रगति 24% है ।

(ख) आने वाले वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(ग) जी, नहीं ।

Wages escalation claim

4298. SHRI ABDUL SAMAD SIDDIQUI; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have withdrawn the letter regarding wages escalation claim in respect of CS cros sings written to Ministry of Finance, cost account branch; and

(b) what are the details of the re port of the cost account branch which have been accepted by Gov ernment?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI ¥.. *C.* LENKA): (a) and (b) The Chief Adviser (Cost), Department of Expenditure Ministry of Finance, in his report No. 1354/CAL/ 6842 dated 20.1.1987 has recommended wage escalation claim in respect of a firm engaged in the manufacture and supply of CMS crossings, based on escalation factor of 0.1 per cent. However, in the subsequent report No 1441/CAL/7081 dated 29.6.1990 in respect of wage escalation claim